
## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 10.09.2024 को श्री मुकेश चौधरी मा0 विधायक नकुड की उपस्थिति में जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –


जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 11.09.2024 को जिलाधिकारी महोदय, अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर।
2. श्री योगेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
3. श्री रवि कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
4. श्री शैंकी देव, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
5. श्री दुष्यन्त कुमार, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
6. श्री सौरभ गुप्ता, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
7. श्री अमित कुमार, अवर अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
8. श्री शीलम शंकर, टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
9. श्री दीपक कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
10. श्री भंवर सिंह, महा प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
11. श्री अशोक शर्मा, महा प्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
12. श्री सतीश गुप्ता, स्टेट हेड, मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर द्वारा जिलाधिकारी महोदय को एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड नकुड एवं सरसावा की योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया, बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्मो की प्रगति एवं पुर्नस्थापित सड़को पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता को प्रगति में अपेक्षित सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी)**





MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\1

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा के द्वारा कराये गये सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड नकुड, सरसावा में 50 नग पेयजल योजनाओं में से 19 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन के कार्य प्रगति में है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा 19 नग पेयजल योजनाओं, जिनमें पाईप लाईन, सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की प्रतिदिन लेबर सहित फोटोग्राफ अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय एवं श्री मुकेश चौधरी, मा0 विधायक को प्रातः 10 बजे तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा )

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0के0जी0 प्राईमस् (जेवी) के द्वारा विकास खण्ड नकुड, सरसावा में कराये गये सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 23 नग (33 नग राजस्व) पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है। माननीय विधायक द्वारा फतेहपुर जटट् की दलित बस्ती में 03 जगह पाईप लाईन लीकेज एवं ग्राम प्रधान दीपक द्वारा रोड रेस्टोरेशन की घटिया गुणवत्ता होने की शिकायत से अवगत कराया गया है।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0)

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0के0जी0 प्राईमस् (जेवी) की कितनी योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है की सूची मांगी गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 41 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0)

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0के0जी0 प्राईमस् (जेवी) के द्वारा कराये गये सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड नकुड, सरसावा में 30 सितम्बर तक सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन के कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा 33 नग पेयजल योजनाओं, जिनमें पाईप लाईन के कार्यो में 13 टीम तथा सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो में 08 टीम की प्रतिदिन लेबर सहित फोटोग्राफ अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय एवं श्री मुकेश चौधरी, मा0 विधायक को प्रातः 10 बजे तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0)

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के द्वारा विकास खण्ड नकुड, सरसावा में 29 नग पेयजल योजनाओं में कराये गये सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 25 नग योजनाओं में पाईप लाईन का कार्य पूर्ण करते हुये 13 नग योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 06 नग टीम लगाकर शेष कार्य माह सितम्बर तक पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा 06 नग टीम की प्रतिदिन लेबर सहित फोटोग्राफ अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय एवं श्री मुकेश चौधरी, मा0 विधायक को प्रातः 10 बजे तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0)

EE

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\2

Scanned with OKEN Scanner

- माननीय विधायक श्री मुकेश चौधरी द्वारा विकास खण्ड सरसावा की रावणपुर खुर्द पेयजल योजना में रोड पुर्नस्थापन के कार्य में गुणवत्ता में कमी से अवगत कराया गया जिलाधिकारी महोदय द्वारा थर्ड पार्टी एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि योजना का सत्यापन कराते हुये अधिशासी अभियन्ता को रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी/ मै० एन०के०जी० प्राइमस जे०वी०)**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा कम्हेडा पेयजल योजना विकास खण्ड गंगोह में विवाद का निस्तारण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया, जिसमें अवर अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में उपजिलाधिकारी महोदया के साथ योजना का निरीक्षण किया गया जिसमें ग्राम वासियों द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

- माननीय विधायक श्री मुकेश चौधरी द्वारा विकास खण्ड सरसावा की सलूनी एवं बोन्सा पेयजल योजना में पूर्व से टंकी बनी होने के कारण कार्य न करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त योजना में कितने परिवारों का पेयजल आपूर्ति हो रही है की जांच हेतु मुख्य विकास अधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। यदि पूर्व में बनी टंकी से सम्पूर्ण ग्राम में पेयजल आपूर्ति हो रही है तो योजना को ड्राप करने हेतु निर्देशित किया गया।

**( कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी/ अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/सम्बन्धित फर्म)**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कैम्पस में आवश्यक मिटटी भराव की सूची उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया, तथा ऐसी योजनाओं में मिटटी उपलब्ध कराने के लिये आश्वस्त किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी/ मै० एन०के०जी० प्राइमस जे०वी०/ मै० वुडहिल इन्फ्रा० लि०/मै० जी०ए० बाबा)**

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के समस्त कार्यो को समय से पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त फर्मो को निर्देशित किया गया एवं विपरित परिस्थिति में सम्बन्धित फर्मो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी/ मै० एन०के०जी० प्राइमस जे०वी०/ मै० वुडहिल इन्फ्रा० लि०/मै० जी०ए० बाबा (जेवी०))**

- श्री मुकेश चौधरी, माननीय विधायक द्वारा ग्राम अहमदपुर ब्राहम्ण को अलीपुरा पेयजल योजना से शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै० जी०ए० बाबा जेवी०)**

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\3

Scanned with OKEN Scanner

- अन्त में माननीय विधायक जी द्वारा सुझाव व निर्देश दिये गये कि समस्त कार्यदायी संस्थाएं पेयजल योजनाओं में काटी/तोडी गई सड़क की मरम्मत कराते हुये माह सितम्बर 2024 तक गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कराये जिससे आम जनमानस को योजना का लाभ मिल सके।

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये दिशानिर्देश :–**

- एक माह से पूर्व तोडी/काटी गई सड़को को शीघ्र ही माइको प्लानिंग के साथ मानव क्षमता बढाते हुये सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराये।
- पेयजल योजनाओं में की जा रही है पेयजलापूर्ति क्लोरीन युक्त की जायें।
- यदि निर्माण कार्य कराने में किसी स्तर पर समस्या हो रही है तो अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से अवगत कराये जायें।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(भंवर सिंह)
मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0
सहारनपुर

(अशोक शर्मा)
मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0
सहारनपुर

(शलिम संकत)
टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI),
सहारनपुर

(सतीश गुप्ता)
मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)
सहारनपुर

11.9.24
(योगेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

(सुमित राजेश महाजन)
मुख्य विकास अधिकारी,
सहारनपुर

(मनीष बंसल)
जिलाधिकारी, सहारनपुर

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\4

Scanned with OKEN Scanner